आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 03.2.2025

समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित उत्तरकाशी दौरे को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा।
- पौड़ी के च्वींचा गांव में आयोजित गैण्डी वध लोक उत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।
- 38वें राष्टीय खेलों में देशभर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी, पदक तालिक में सर्विसेज 17 स्वर्ण पदक के साथ शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।
- उत्तराखंड एक स्वर्ण, सात रजत व आठ कांस्य पदकों के साथ अंक तालिका में 19वें पायेदान पर है।

पीएम भ्रमण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शीतकालीन प्रवास मुखवा और वाइब्रेंट विलेज हर्षिल में प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। संभावित दौरे को लेकर हर्षिल और आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। इसके लिए हेलीपैड पर सुरक्षा व्यवस्था और सड़कों को दुरुस्त करने का काम तेजी से किया जा रहा है। इस बीच तैयारियों का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने हर्षिल क्षेत्र का दौरा किया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

गैंडा वध

बसन्त पंचमी के अवसर पर पौड़ी नगर के च्वींचा गांव में 110वां गैण्डी वध लोक उत्सव आयोजित किया गया। मूल रूप से यह आयोजन पाण्डवों से जुड़ा एक प्रसंग है जिसे गढ़वाल में अनुष्ठानिक रूप से आयोजित किया जाता है। च्वींचा गांव में यह आयोजन बसन्त पंचमी पर होता है। आयोजन समिति के सदस्य मनोज रावत ने बताया कि वे इस उत्सव के जरिए राज्य और क्षेत्र की संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

सीबीडीटी

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड – सीबीडीटी के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने कहा कि बजट में 12 लाख रुपये प्रति वर्ष तक की आय पर कर न लगाने की घोषणा और कर स्लैब में बदलाव से 90 प्रतिशत से अधिक व्यक्तिगत करदाताओं को नई कर व्यवस्था अपनाना चाहिए। संसद में बजट प्रस्तुत होने के बाद कल साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि सरकार कर व्यवस्था में किसी प्रकार की दखलंदाजी नहीं चाहती है।

साइबर अपराध

हरिद्वार में वरिष्ठ नागरिकों को हेल्प एज इंडिया साइबर अपराध से बचने के उपायों और बैंक योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। हेल्प एज इंडिया के सदस्य वैभव बिष्ट और कुमारी अदिति ने कहा कि आधार कार्ड को उपयुक्त विभाग या अधिकारी को ही दें। यदि आप डीजिटल अरेस्ट हो गये हैं तो 1930 नम्बर पर सम्पर्क करें। इस दौरान मौजूद बैंक कर्मियों ने वरिष्ठ नागरिकों को बचत खातों और जमा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

साहिया अस्पताल

देहरादून के साहिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को अब अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड मशीन भेज दी है। बीते दिनों कालसी में हुए जनता दरबार में साहिया क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष यह मांग रखी थी, जिसके बाद जिलाधिकारी ने मुख्यचिकित्साधिकारी को साहिया में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

राष्ट्रीय खेल

38वें राष्टीय खेलों में देशभर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। पदक तालिक में सर्विसेज 17 स्वर्ण पदक के साथ शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। महाराष्ट्र 15 स्वर्ण व 23 रजत पदक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि 15 स्वर्ण और 9 रजत पदक के साथ कर्नाटक तीसरे स्थान है। उत्तराखंड एक स्वर्ण, सात रजत और आठ कांस्य समेत कुल 16 पदकों के साथ 19वें पायेदान पर है।

अल्मोड़ा में हो रही योगासन प्रतियोगिता में आर्टिस्टिक योगासन युगल महिला वर्ग के फाइनल में हरियाणा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि, उत्तर प्रदेश को रजत तथा राजस्थान को कांस्य पदक हासिल हुआ। पुरुष वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ ने स्वर्ण और उत्तराखंड ने रजत पदक जीता। इस मुकाबले में राजस्थान ने कांस्य पदक अपने नाम किया। योगासन में छत्तीसगढ़ टीम का नेतृत्व कर रहे प्रभाकर सिंह ने कहा कि उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

उत्तराखंड से अजय वर्मा ने प्रदेश के लिए रजत पदक जीतकर आकाशवाणी से बातचीत में अपना अनुभव साझा किया।

वॉलीबाल

रुद्रपुर के मनोज सरकार स्टेडियम में महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता में केरल ने तमिलनाडु को हराकर स्वर्ण पदक पर जीता, जबकी तमिलनाडु टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। कांस्य पदक के लिए राजस्थान और चंडीगढ. के बीच हुए मुकाबला में राजस्थान की टीम ने चंडीगढ़ को हरा कर कांस्य पदक पर कब्जा किया।

आकाशवाणी से बातचीत में ओलंपियन रामऔतार जाखड़ ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। राज्य में बेहतर खेल इंफ्रास्ट्रचर को लेकर उन्होंने उत्तराखंड सरकार का आभार व्यक्त किया।

खेल संस्कृति

उत्तराखण्ड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं न केवल खेल प्रेमियों के लिए रोमांचक क्षण लेकर आई है, बल्कि इस आयोजन ने राज्य की सांस्कृतिक विरासत को भी राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी है। प्रदेश की पारंपरिक वेशभूषा, लोक संस्कृति और समृद्ध परंपराओं को राष्ट्रीय खेल के माध्यम से देशभर से आए खिलाड़ियों और दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर उत्तराखण्ड के राज्य पक्षी मोनाल को भी राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज सहित विभिन्न खेल स्थलों पर 20 से अधिक स्थलों में मौली के स्टैचू स्थापित किए गए हैं। ये स्टैचू न केवल खेल आयोजन की शोभा बढ़ा रहे हैं, बल्कि खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

खिलाड़ी न केवल मौली के साथ सेल्फी ले रहे हैं, बल्कि पहाड़ी गीतों पर थिरकते हुए खेल आयोजन का आनंद भी उठा रहे हैं। इस आयोजन से उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई और पारंपरिक परिधानों को राष्ट्रीय मंच पर भव्यता से प्रदर्शित किया जा रहा है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि का ऐलान हो गया है। इस खबर को सभी अखबारों ने प्रमुखता से स्थान दिया है। अमर उजाला लिखता है बद्रीनाथ धाम के कपाट चार मई को खोले जाएंगे। इस खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– चार मई को खुलेंगे बदरीनाथ धाम के कपाट।

खेल की खबर को प्रमुखता देते हुए अमर उजाला ने लिखा बेटियां फिर बनी चैंपियन अंडर–19 विश्वकप क्रिकेट अब तक दो टूर्नामेंट हुए दोनों बार खिताब भारतीय टीम ने जीता। दैनिक जागरण ने लिखा है– लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियन बनी बेटियां। वहीं राष्ट्रीय सहारा ने लिखा महिला अंडर 19 क्रिकेट में विश्व विजेता बना भारत। नवोदय टाइम्स लिखता है महिला अंडर 19 भारत फिर टी–20 चैंपियन।

महाकुंभ की खबर को प्रमुखता देते हुए अमर उजाला ने लिखा अमृत वसंत आज, 5 करोड़ लोगों के डुबकी लगाने का अनुमान।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है महाकुंभनगर, बसंत पंचमी पर पवित्र डुबकी लगाने की लिए उमड़ा जनसैलाब महास्नान के लिए मेगा प्लान। हिंदुस्तान लिखता है आज महाकुंभ में अंतिम अमृत स्नान

प्रॉपर्टी कारोबारी से डकैती का बड़ा मामला सामने आया है। इस खबर को सभी अखबार पत्रों ने प्रमुखता से स्थान दिया है। हिंदुस्तान ने लिखा, प्रॉपर्टी कारोबारी से डकैती में तीन पुलिसकर्मी समेत सात गिरफ्तार।